अग्रवाल महाविद्यालय में एक्यूप्रेसर द्वारा उपचार छः दिवसीय कार्यशाला का प्रारम्भ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में वर्धमान महावीर सेवा सोसाइटी फ़रीदाबाद के सहयोग एवं कॉलेज के स्वास्थ्य जागरूकता क्लब के समन्वय से एक्यूप्रेसर द्वारा स्वयं उपचार करने के लिए छः दिवसीय कार्यशाला का प्रारम्भ 02.05.2022 को हुआ । यह कार्यशाला 07 मई 2022 तक चलेगी इस कार्यशाला के उदघाटन समारोह में अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी मुख्य अतिथि थे । कार्यशाला का शुभारंभ दीपशिखा प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया । उदघाटन भाषण में प्राचार्य जी ने कहा कि यह कार्यशाला अपने एवं दूसरे जरूरतमंद लोगों की बीमारियों का एक्यूप्रेसर पद्यति से उपचार के लिए प्रशिक्षक तैयार करेगी। उन्होंने कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक डॉ० सुभाष जैन (एक्यूप्रेसर विशेषज्ञ) का अभिवादन एवं स्वागत करते हुए कहा कि डॉ० सुभाष जैन इस एक्यूप्रेसर पद्धति महान ज्ञाता हैं जो इस पद्धति का प्रचार व प्रसार विगत 30 वर्षों से नि:शुल्क कर रहे हैं । उन्होने कार्यशाला के प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ज्ञान गुरु से ही अर्जित किया जा सकता है । गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही साक्षात देव हैं । अतः हमें इस कार्यशाला में पूर्ण तन्मयता एवं एकाग्रित होकर ज्ञान अर्जित करना चाहिए । इस कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक डॉ० सुभाष जैन जी ने कार्यशाला का प्रारम्भ प्रार्थना – “इतनी शक्ति हमें देना दाता, मन का विश्वास कमजोर हो ना” के साथ किया । इस कार्यशाला में श्री एम० एल० जैन (सेवानिवृत मुख्य प्रबन्धक, ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स) और श्री डी० के० लांबा (सेवानिवृत अभियंता, के० जी० खोसला कमप्रेसर लिमिटेड) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । इस कार्यशाला में 40 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया जिसमे महविद्यालय के स्टाफ के सदस्य एव विद्यार्थी सम्मिलित हुए । इस कार्यशाला के

समन्वयक डॉ० नरेश कामरा ने कॉलेज के स्वास्थ्य जागरूकता क्लब की तरफ से सभी अतिथियों का एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया ।